## सार-समाचार

### सरदारगढ़ में प्रीमियम लीग शुरू

**जालोर**,(नि.सं.)। निकटवर्ती ग्राम सरदारगढ़ में आयोजन समिति युवा मंडल सरदारगढ़ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रीमियम लीग का शुभारंभ सोमवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जालोर विधायक एवं राजस्थान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। साधु-संतों के सान्निध्य में ईश्वरनाथ महाराज के आशीर्वाद से खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान खेल मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच अणसी देवी, भामाशाह खेताराम चौधरी, हंसाराम चौधरी, सामतीपुरा के प्रिंसिपल नारायणलाल चौधरी, रामलाल चौधरी, रणजीत चौधरी, जोगाराम पटेल, दिनेश पटेल, सुरेश पटेल सहित आसपास के गांवों से आए अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पहले दिन खेले गए मुकाबले प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। ओढवाड़ा बनाम बालावाड़ा मुकाबले में ओढवाड़ा विजेता रहा। सरदारगढ़ बनाम बोकड़ा मैच में सरदारगढ़ ने जीत दर्ज की। बिशनगढ़ बनाम कॉलर मुकाबले में बिशनगढ़ विजयी रहा। कॉलर-2 बनाम वेड़िया मैच में कॉलर-2 ने जीत हासिल की। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला उम्मेदाबाद व भवरानी के बीच खेला गया, जिसमें उम्मेदाबाद टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के आगामी दिनों में और भी मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा तथा खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा।

### अफीम के दूध सहित युवक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र गली नंबर 8 में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर तीन सौ ग्राम अफीम का दूध बरामद किया है। अफीम का दूध उसके पहनी जैकेट की ऊपरी जेब में मिला। वह पुलिस को देखकर भागने लगा था। प्रथम दृष्टया पुलिस ने बताया कि वह बालोतरा से यहां अफीम का दूध बेचने के लिए आया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का एक और प्रकरण सामने आया है। बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि बासनी गली नंबर 8 में आए एक युवक के पास में मादक पदार्थ हो सकता है। इस पर वे मयजाब्ते के गली नंबर 8 में पहुंचे। तब संदिग्ध युवक वहां पहुंचा तो पुलिस को देखकर भागने लगा। इस पर बाद में उसे पकड़ लिया गया। उसके पास में तलाशी लिए जाने पर जैकेट की ऊपरी जेब में 300 ग्राम अफीम का दूध मिला। पूछताछ में उसने खुद का नाम पता बालोतरा जिले के कल्याणपुर स्थित गोदारों की ढाणियां डोलीकलां निवासी भैराराम होना बताया। थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक और प्रकरण उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का सामने आया है। अठिाम जांच शास्त्रीनगर पुलिस की तरफ से की जा रही है।

### विद्यार्थियों को कंबल वितरण किया

**सायला**, (नि.सं.)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सायला गोलिया में शुक्रवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि नैनमल लखारा ने कंबल वितरण की भामाशाह शिक्षिका मंजू कुलहरी की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए समाज में इसी प्रकार के सेवा कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसीबीईओ नेमाराम चौधरी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की तथा विद्यार्थियों को मनोयोग से अध्ययन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि नोडल प्रधानाचार्य कमलकांत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने की सीख दी। वहीं प्रधानाचार्य अमरसिंह दहिया ने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षिणक एवं सह-शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी दी। कंबल वितरण कार्यक्रम के प्रभारी दुर्गसिंह तुरा ने सभी अतिथियों एवं भामाशाह शिक्षिका श्रीमती मंजू कुलहरी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों के कर-कमलों से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य अमरसिंह, दुर्गसिंह, सुबेसिंह यादव, शंकरलाल सोलंकी, रावताराम, सुशीला चौधरी, शालू, मंजू, घनश्याम सैन सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सायला में हिन्दू सम्मेलन की तैयारी तेज

**सायला**,(नि.सं.)। नगर में आगामी 17 एवं 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियाँ अब तेज गति से चल रही हैं। जिसको लेकर कार्यक्रम स्थल पर वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसके साथ ही दो दिवसीय सम्मेलन की व्यवस्थाएँ अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। आयोजन समिति की ओर से गणेश पूजन, वास्तु शांति एवं सामूहिक आरती के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार के दौरान बड़ी संख्या में नगरजन उपस्थित रहे तथा वातावरण में धार्मिक उत्साह व आस्था का माहौल देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन सनातन संस्कृति एवं हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक जागरण तथा युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक चेतना को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य लिए आयोजित किया जा रहा है। समिति ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक सत्र, प्रवचन, जय घोष एवं सामूहिक सहभागिता के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। आयोजन समिति सदस्यों ने कहा कि यह सम्मेलन केवल सभा नहीं, बल्कि हिंदू समाज के सशक्तिकरण और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस सम्मेलन को सफल बनाएं। 17 एवं 18 जनवरी को होने वाला यह सम्मेलन सायला के लिए एक बड़े सांस्कृतिक आयोजन के रूप में दर्ज होने की उम्मीद है।

### बारूद सहित आरोपी गिरफ्तार

**रेवदर**,(नि.सं.)। निकटवर्ती मंडार पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अवैध टोपीदार बंदूक व बारूद सहित गिरफ्तार किया गया। डॉ. प्यारेलाल शिवरान जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही के द्वारा अवैध गतिविधियो पर निगरानी एवं अवैध हथियारों के विरुध चलाये जा रहे अभियान के तहत जसा राम बोस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , किशोर सिह अतिरिक्त पुलिस सिरोही एवं मनोजकुमार गुप्ता वृत्ताधिकारी रेवदर के सुपरविजन में प्रवीणकुमार निरीक्षक पुलिस, थानाधिकारी पुलिस थाना मंडार मय टीम द्वारा मंगलवार को मुखबीर की सूचना पर गोचर भूमि सरहद मोरवाडा में संदिग्ध व्यक्ति द्वारा जंगली जानवरो के शिकार करने के फिराक में बंदुक लेकर घुमने की सूचना पर गोचर भूमि सरहद मोरवाड़ा में आरोपी ताज मोहम्मद पुत्र जाफरखां जाति सिंधी मुसलमान उम्र 59 साल निवासी मण्डार पुलिस थाना मण्डार जिला सिरोही के कब्जे से एक अवैध टोपीदार बंदुक व बारूद व पीले धातु की टोपी कुल नग 23 को बरामद कर आरोपी को गिरफतार कर आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफतार आरोपी से बरामद अवैध टोपीदार बंदुक के संबंध में अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।

### जिमनास्टिक का प्रशिक्षण शुरू

**पाली**,( नि.सं. )। पाली के डिस्ट्रिक्ट क्लब स्थित खेल संकूल मे मंगलवार से 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय स्तरीय जिमनास्टिक छात्र-छात्रा 14 वर्ष आयु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समारोह पुर्वक आगाज हुआ। प्रधानाध्यापक एवं संयोजक भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का आगाज मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप करमचंदानी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी तेज सिंह पंवार उप जिला शिक्षा अधिकारी शारिरिक शिक्षा बलवीर सिंह राणावत अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र प्रसाद डाबी के आथित्य में हुआ। उन्होने बताया कि शिविर में राजस्थान टीम के कुल 18 छात्र और छात्राएं भाग ले रहे हैं जो 19 से 20 जनवरी तक तक साल्ट लेक सिटी कोलकाता पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए छैलेंद्र सिंह राठौड़,पर्वत सिंह बीकानेर से प्रतिनियुक्ति प्रशिक्षक भोम सिंह जयपाल सांखला चंदू कुमावत धर्मिष्ठा प्रजापत आदि जुटे हुए है।

### दिल्ली सेमीनार में शिरकत की

**जालोर**,(नि.सं.)। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली व उपभोक्ता मामले विभाग केंद्रीय सरकार की और से दिल्ली में आयोजित सेमीनार कार्यशाला में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर के अध्यक्ष धनश्याम यादव ने भाग लिया। सेमीनार मे राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश सहित चार राज्यों के नामित सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान की और से कुल सात लोगों को नामित किया गया था। जिसमें जालोर जिला उपभोक्ता आयोग के पीठासीन अधिकारी घनश्याम यादव को नामित किया गया था। तीन दिवसीय कार्यशाला का 11 जनवरी तक सफल आयोजन किया गया। जालौर उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव को आयोजकों की तरफ से प्रमाण पत्र भी भेंट किए गए।

# जालम सिंह हत्याकांड के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**जोधपुर**, (कासं)। सांचौर के बहुचर्चित जालम सिंह हत्याकांड के आरोपी चनणाराम विश्नोई की जमानत याचिका राजस्थान हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। चनणाराम विश्नोई की ओर से उनके वकील ने जमानत प्रार्थना-पत्र पेश कर हाईकोर्ट में बहस करते हुए यह कहा कि चनणाराम विश्नोई को दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है। वह अगस्त 2024 से जेल में बन्द हैं। मुकदमे के निस्तारण व फैसला होने में अभी लम्बा समय लगने की सम्भावना है। इसलिए इस मुल्जिम को जमानत पर छोड़े जाने का आदेश दिया जाएं।

परिवादी पक्ष की तरफ से जमानत याचिका का विरोध किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट के जज जस्टिस कुलदीप माथुर ने मुल्जिम चनणाराम विश्नोई का जमानत प्रार्थना-पत्र खारिज कर दिया।

18 अगस्त 2024 को सांचौर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसमें अनोप सिंह ने बताया था कि मेरा छोटा बेटा जालम सिंह हुबली में भागीरथ विश्नोई की लॉज पर नौकरी करता था। भागीरथ कुछ समय से उसको वेतन नहीं दे रहा था। जालम सिंह ने भागीरथ से तनख्वाह के बकाया रुपए मांगे तो भागीरथ विश्नोई ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। तब से जालम सिंह मेरे पास गांव में रह रहा था। कुछ समय पहले भागीरथ मेरे घर पर आया था और उसने कहा कि आपके बेटे जालम सिंह ने पुलिस में हमारी मुखबिरी करके हमारी लॉज से डोडे पकड़ा दिए हैं। इस कारण से हमें 15 लाख रुपए का नुक़सान हुआ हैं। इसलिए आप मुझे 15 लाख रुपए दो अन्यथा मैं आपके बेटे को मारे बगैर नहीं छोडूंगा। तब मैंने मेरे बेटे जालम सिंह को बुलाया और सभी के सामने उसने भागीरथ से कहा कि उसने आपकी लॉज से डोडे नहीं पकड़वाए थे। लेकिन भागीरथ संतुष्ट नहीं हुआ और जान से खत्म करने की धमकी देकर चला गया था।

रिपोर्ट में अनोप सिंह ने बताया कि 17 अगस्त 2024 को दोपहर 2 बजे मेरा बेटा जालम सिंह मेरे घर गांव सांगड़वा से सांचौर जाने का कहकर निकला था। शाम को 6 बजे वाली लास्ट बस से जब जालम सिंह घर पर नहीं आया तो मैंने उसके मोबाइल पर 3-4 बार फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। फिर मैंने वापस फोन लगाया तब मुल्जिम भागीरथ ने जालम सिंह का फोन उठाया। उसने बताया था कि मैं भागीरथ बोल रहा हूं। आपके लड़के जालम सिंह को मैं उठाकर घर लेकर आया हूं। आपके लड़के की मुखबिरी के कारण मुझे 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आप 15 लाख रुपए पहुंचा दो वरना आपके लड़के को जान से खत्म कर देंगे। फिर भागीरथ ने जालम सिंह की मेरे से फोन पर बात करवाई तो जालम सिंह ने रोते हुए बताया- पापा यह लोग मेरे साथ बुरी तरीके से मारपीट कर रहे हैं। आप 15 लाख रुपए लेकर जल्दी आओ। अगर रुपए नहीं पहुंचाए तो यह लोग मेरी हत्या कर देंगे। बाद में उन लोगों ने उसके बेटे की हत्या भी कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस थाना सांचौर ने भागीरथ विश्नोई व अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान किया। मामला सही पाए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। मुकदमे में भागीरथ विश्नोई व अन्य सह-आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रकरण में चार्जशीट पेश की जाकर वर्तमान में मुकदमा अपर सेशन न्यायाधीश सांचौर में चल रहा है।

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में इस सेशन केस के मुल्जिम चनणाराम विश्नोई की ओर से उनके वकील ने जमानत प्रार्थना-पत्र पेश कर हाईकोर्ट में बहस करते हुए यह तर्क प्रस्तुत किए कि इस मुल्जिम को दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है। उन्होंने यह तर्क भी पेश किए कि मृतक जालम सिंह के शरीर पर 40 साधारण चोटें, नील के निशान व खरोंचे थीं। इसमें से कोई चोट गम्भीर प्रकृति की नहीं थी। मुल्जिम अगस्त 2024 से जेल में बन्द है। मुकदमे के निस्तारण व फैसला होने में अभी लम्बा समय लगने की सम्भावना है, इसलिए इस मुल्जिम को जमानत पर छोड़े जाने का आदेश प्रदान किया जाए।

जालम सिंह की हत्या के बाद परिवार और समाज के लोगों कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सांचौर थाना परिसर में धरना दिया था।

जालम सिंह की हत्या के बाद परिवार और समाज के लोगों कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सांचौर थाना परिसर में धरना दिया था।

इन बातों का पुरजोर विरोध करते हुए परिवादी अनोप सिंह की ओर से वकील निखिल भंडारी ने राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में बहस की। उन्होंने कहा कि मुल्जिम चनणाराम विश्नोई ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर जालम सिंह के साथ बुरी तरह मारपीट करके उसे 40 चोटें पहुंचाकर उसकी नृशंस हत्या की है। इसकी खुलेआम धमकी उन्होंने अनोप सिंह के घर आकर जालम सिंह को दी थी। इसके कुछ समय बाद धमकी अनुसार जालम सिंह का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी थी, जिसके सारे सबूत चार्जशीट में मौजूद हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने परिवादी के एडवोकेट निखिल भण्डारी के तर्कों से सहमत होते हुए मुल्जिम चनणाराम विश्नोई का जमानत प्रार्थना-पत्र खारिज कर दिया।

# 'गत वर्ष भारत में 2 करोड़ विदेशी सैलानी आए'

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर उन्होंने प्रदेश और देश के टूरिज्म को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार बनने के बाद से पर्यटन को लेकर सरकार का विशेष फोकस है। इसी का नतीजा है कि पिछले 1 वर्ष में भारत में 2 करोड़ विदेशी सैलानी आए। यदि ट्रिप में कैलकुलेट करें तो 294 करोड़ पर्यटन ट्रिप्स भारत में हुई है। जो दुनिया के किसी भी देश में अकल्पनीय है।

उन्होंने बताया कि देश में पर्यटकों के आने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। यह अन्य किसी देश के मुकाबले सबसे अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में मोदी सरकार बनने के बार टूरिज्म सेक्टर में जो काम हुआ उसका प्रभाव देखने को मिल रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवागमन के साधन सुलभ हो इसके लिए देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

देश में कई हाईवे, सड़के और इंफ्रास्ट्रक्चर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डेवलप किए गए हैं। जिसकी वजह से टूरिज्म की संभावनाएं बढ़ी है। आने वाले समय में एविएशन के क्षेत्र में एक नई क्रांति देखने को मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत दस हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश किया। जिससे टूरिस्ट डेस्टिनेशन में सुविधा बढ़ी। इन सारी अनुकूलताओं के चलते भारत को देखने का नजरिया बदला। वहीं भारत के डोमेस्टिक ट्रैवलर के पास पैसा आने से धार्मिक पर्यटन से लेकर अन्य पर्यटन बढ़ा है।

वहीं शेखावत ने जोधपुर के एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के लोकार्पण को लेकर भी जानकारी दी कहा कि जल्द ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। वहीं एलिवेटेड रोड को लेकर कहा कि इसके टेंडर हो गए हैं। जल्द ही काम भी शुरू किया जाएगा।

# मनरेगा श्रमिकों से संवाद

**पाली**, (नि.सं.)। सुमेरपुर क्षेत्र में पाली जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बाला, डेण्डा व कुरना आदि गांवों में मनरेगा बचाओ संग्राम महाभियान के तहत मनरेगा श्रमिकों से संवाद में किया।

जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें नरेगाकर्मी, ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता व सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेता, जोगाराम सोलंकी, भारत कुमार, भारत सिंह पाटवी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जालोर**

कार्यालय का पता-बागोड रोड, दूरभाष नं.-02973-222381, Email:- dicjalore@rajasthan.gov.in

क्रमांक-5096 दिनांक-09.01.2026

**सीमित निविदा 06/2025-2026**

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्न कार्य कराये जाने हेतु नीचे अंकितानुसार खुली बोली पद्धति से ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत विवरण www.sppp.raj.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र.सं. | यूबीएन संख्या - DSI2526SSOB00050 |
|---|---|
| 01 | हॉर्डिंग्स लगाने का कार्य - पंच गौरव योजना राशि रूपये 4.50 लाख |

महत्वपूर्ण दिनांक :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | 12/01/2026 से 23.01.2026 सांय 6.00 बजे तक |
| 2. | धरोहर राशि/निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस एवं ESI, EPS, GST, PAN NO के दस्तावेज भौतिक रूप से जमा करने की दिनांक | 27.01.2026 दोपहर 2.00 बजे तक |
| 3. | वितीय बिड खोलने की दिनांक | 27.01.2026 दोपहर 4.00 बजे तक |

महाप्रबन्धक
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जालोर


# बेंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस का रानी स्टेशन पर ठहराव

**पाली**, (नि.सं.)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा जोधपुर-बेंगलुरु-जोधपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का रानी स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया गया है।

इस रेलगाड़ी का मंगलवार से रानी रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया है। पाली जिला प्रभारी एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और पशुपालन, विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को जोधपुर के लिए रवाना किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल कि इस ट्रेन संख्या 16534, बेंगलुरु-जोधपुर साप्ताहिक एक्स प्रेस 13 जनवरी, मंगलवार को रानी स्टेशन पर सुबह 10.54 बजे पहुंची, जिसे दोनों मंत्रियों ने 10.56 बजे हरी झंडी दिखाकर जोधपुर के लिए रवाना किया। ट्रेन संख्या 16533, जोधपुर-बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस 14 जनवरी से रानी स्टेशन पर सुबह 8.42 बजे आगमन एवं 8.44 बजे प्रस्थान करेगी। उक्त ठहराव के अतिरिक्त संबंधित ट्रेन के अन्य सभी स्टेशनों पर आगमन एवं प्रस्थान समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसके साथ ही ट्रेन में आवागमन हेतु रानी स्टेशन से प्रस्थान व आगमन का रिजर्वेशन प्रारंभ कर दिया गया है।

### मंत्री ने रेल मंत्री का जताया आभार

सभा में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रानी स्टेशन पर 11वीं एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले 65 वर्षों में जो विकास नहीं हो पाया, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ है। खर्रा ने यह भी कहा कि देश के 100 वर्ष पूर्ण होने तक भारत को हर क्षेत्र में अठाणी राष्ट्र बनाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने इस ठहराव का श्रेय रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव और पाली सांसद पी.पी. चौधरी को दिया।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा से दक्षिण भारत में रहने वाले राजस्थान के प्रवासियों को आवागमन में आसानी होगी। कुमावत के अनुसार, यह ठहराव क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक विकास को भी गति देगा।

इस अवसर पर रानी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी, लोको पायलट और रेलवे अधिकारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में सुनील भंडारी, रानी हरीश गहलोत, उत्तम सिंह राजपुरोहित, नारायण सिंह राठौड़, रानी नगरपालिका उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष घीसू लाल चौधरी, जयंतीलाल वैष्णव, जिला प्रकोष्ठ प्रभारी जयवर्धन रांकावत, सीनियर डीसीएम, अजमेर कैप्टन मिहिर देव, एसडीएम शिवा जोशी सहित पार्षद सहित लोग मौजूद रहे।

# अजीतपुरा में रात्रि चौपाल हुई

**जालोर**, (नि.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री के. के. विश्नोई ने आहोर पंचायत समिति की अजीतपुरा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान प्रभारी मंत्री के समक्ष ग्रामीणों ने सराणा स्थित जर्जर जीएलआर को गिरवाने, ग्राम जैतपुरा से जोधपुर रोड़ तक सीसी निर्माण, ग्राम अजीतपुरा में पीएचसी बनवाने को लेकर प्रस्ताव भिजवाने, इन्द्रा कॉलोनी से पंचायत तक रोड़ बनवाने, विद्युत बिल करेक्शन सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको प्रभारी मंत्री ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई।


राजस्थान-सरकार

**कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, जालोर**

ई-मेल-gconjalore@gmail.com

क्रमांकः- लेखा/निविदा-4/2025-26/258 दिनांक :- 12/01/2026

**निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक- 04/2025-26**

राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा गार्ड /चौकीदार आपुर्ति के लिए राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी प्रावधानों के अन्तर्गत नियमानुसार Private Security Agencies Regulation Act. 2005 के तहत पंजीकृत एवम् अनुभवी फर्मो से बोली निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती हैः-

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | भरी हुई निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सुरक्षा गार्ड/ चौकीदार | 5.0 लाख | 10000 | 500 | 20-01-2026 at 12.00 PM | 20-01-2026 at 02.00 PM |

निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर तथा कार्यालय समय में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

UBN No. कार्यालयाध्यक्ष, राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर


### नर्सेज ने ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)।राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर द्वारा नर्सेज की विभिन्न जायज और लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह मेडतिया ने बताया कि जिला कलक्टर जोधपुर के मार्फत चिकित्सा मंत्री को नर्सेज की विभिन्न मांगों का निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

विजेन्द्र सिंह मेडतिया ने कहा कि सभी मांगे बहुत समय से लंबित हैं और सभी जायज मांगे हैं। सरकार का कई बार ध्यानाकर्षण करवाया गया है। बावजूद उसके समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है।

प्रतिनिधिमंडल में संपत सांखला, तेजाराम बामनिया, बसंत रॉयल नृसिंह परिहार, लीला भाटी,नैना चौधरी, नंदलाल, गायत्री मेड़तीया, मनोज , दीपिका सेन, हर्षिता गोचर सहित काफी संख्या में नर्सेज मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति आज, पूरे दिन रहेगा दान-पुण्य का दौर

**जोधपुर** (कासं)। मकर संक्रांति बुधवार को मनाई जाएगी। इससे पहले जोधपुर शहर में पंजाबी और सिख समाज की ओर से लोहड़ी पर्व उत्सव मंगलवार को मनाया गया।

शाम को सूर्यास्त के बाद अलाव जलाकर तिल, गुड़, मूंगफली और मक्का जैसी चीजें अर्पित की गई नई फसल और समृद्धि का प्रतीक के रूप में भांगड़ा करते हुए उत्सव मनाया गया।

पंजाबी समाज का लोहड़ी पर्व सुहागिनों की ओर से पौराणिक रीति-रिवाज के साथ परिवार में मिठास, खुशहाली और सौहार्द लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मकर संक्रांति बुधवार को मनाई जाएगी, लेकिन पंजाबी और सिख समाज में लोहड़ी को लेकर आयोजन शुरू हो गए हैं।

रात को सामूहिक लोहड़ी उत्सव मनाया गया। समाज के अध्यक्ष विरेंद्र त्रेहान ने बताया कि बासनी स्थित कंकूदीप गार्डन को रंगीन रोशनी से सजाते हुए गोकाष्ठ सहित लकडि़यों से लोहड़ी तैयार की गई।

समाजबंधुओं सहित माली ग्रुप भटिंडा और कोहिनूर ग्रुप भांगड़ा ने प्रस्तुतियां दीं। स्टैंडअप कॉमेडियन जसप्रीत सिंह के गीतों पर समाजबंधु झूमते नजर आए। आयोजन में शहर के जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए। स्टैंडअप कॉमेडियन जसप्रीत सिंह ने प्रस्तुतियां दी।

बुधवार को दोपहर 3.13 बजे सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे और पुण्यकाल की शुरुआत होगी। शास्त्रों के अनुसार संक्रांति लगने के 8 घंटे पहले और 8 घंटे बाद तक का समय पुण्यकाल माना जाता है। बुधवार को संक्रांति पर पूरे दिन दान-पुण्य का दौर रहेगा।

हालांकि गुरुवार दोपहर 1.09 बजे तक भी पुण्यकाल माना जा रहा है। एक माह तक चलने वाले मळमास का भी समापन होगा, लेकिन शुक्र अस्त रहने से इन दिनों विवाह-शुभ कार्यों की शुरुआत नहीं होगी। दो फरवरी को शुक्र उदय होने के बाद विवाह शुभ कार्य शुरू हो सकेंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

No.-Comml/E-auction/2026/4 Date: - 09.01.2026

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य की अवधि | कैटरिंगः- 5 वर्ष | |
| 2. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समय | दिनांकः 24-01-2026 समयः 14:00 बजे से | |
| 3. | स्टेशन | प्लेटफार्म सं. | श्रेणी |
| (i) | स्टेशन | 2/3 | SMU/FF/WW (Women) |
| (ii) | मेड़ता रोड | 01 | SMU-MIN. (N) |
| (iii) | बालोतरा | 01 | SMU-FF/WW (W) |
| (iv) | बाड़मेर | 2/3 | SMU-SC (N) |
| (v) | पाली मारवाड़ | 02 | SMU - FF/WW (N) |
| (vi) | जैसलमेर | 01 | SMU - ST (Women) |
| (vii) | | 2/3 | SMU-PBPL (N) |
| (viii) | मकराना | 01 | SMU - ST (W) |
| (ix) | | 01 | SMU - ST (N) |
| (x) | नोखा | 02 | SMU - FF/WW (N) |
| (xi) | राइका बाग | 01 | SMU-OBC (N) |
| (xii) | | 01 | SMU/SC (Women) |
| (xiii) | | 02 | SMU-OBC (N) |
| (xiv) | | 02 | SMU-Divyang (N) |

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 82-AN/26


# जालोर में डॉ. प्रतिभा सिंह ने एस.आई.आर. कार्यों की समीक्षा की

**जालोर**, (का.सं.)। रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एसआईआर के सम्बंध में राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन हुआ।

रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावे एवं आपत्तियों को दाखिल करने की अवधि 15 जनवरी तक है। 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को बीएलए के सहयोग से बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करने एवं आमजन में जागरूकता जगाने का आग्रह किया गया। रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत दावे एवं आपत्तियों की प्रक्रिया के पर्यवेक्षण तथा समस्या समाधान को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दावे एवं आपत्ति की सुनवाई एवं दस्तावेजों के प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट्स प्राप्त करने, फॉर्म संख्या 6, 7, 8, की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कोई भी पात्र मतदाता का नाम जुड़ने से वंचित न रहें, इस सम्बंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों(ईआरओ) को निर्देशित करने की बात कही।

उन्होंने एएसडी सूची पर जानकारी लेते हुए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप के. गावंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा, भारतीय जनता पार्टी से केशव व्यास, डिम्पल सिंह, सुरेश सोलंकी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रमेश सोलंकी व शिवसेना से रूपराज राजपुरोहित सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेलवन ऐप से मिलेगी 3 प्रतिशत किराया छूट

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे द्वारा विकसित रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित (जनरल) टिकट खरीदने वाले यात्रियों को बुधवार से किराए में तीन प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह सुविधा रेल मंत्रालय द्वारा डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की जा रही है।

जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह छूट रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर लागू होगी। वर्तमान में आर-वॉलेट के माध्यम से जनरल टिकट खरीदने पर दी जा रही तीन प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा यथावत जारी रहेगी।

सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार रेलवन ऐप एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है,जिसमें ट्रेन यात्रा से जुड़ी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। इसका इंटरफेस सरल,सुरक्षित एवं उपयोगकर्ता अनुकूल है,जिससे यात्रियों को बेहतर डिजिटल अनुभव मिलता है।


**OFFICE OF THE DY, CONSERVATOR OF FOREST, WILDLIFE, JAISALMER**

No.: F()Store/DCFWL/2025/243 Date: 12.1.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Bids for Purchase of Goods with installation as per below NIT Number under Wildlife Division Jaisalmer are invited from interested bidders 12.01.2026 to 22.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in and https://sppp.rajasthan.gov.in of the State.

| Tender ID | NIB Code | UBN No. |
|---|---|---|
| 2025FORES 527083_1 | FOR2526A3422 | FOR2526 GLOB04711 |

Dy. Conservator of Forest
Wildlife Jaisalmer